श्याम ये जीवन की धारा

श्याम ये जीवन की धारा आपके चरणों में है,
दीन दुखियो का सहारा आप के चरणों में है,
श्याम ये जीवन की धारा....

आप की रेहमत से मिलती इज़्ज़त की दो रोटियाँ,
हम गरीबो का गुजारा आप के चरणों में है,
श्याम ये जीवन की धारा....

क्या मुकदर का भरोसा साँस दे या ना भी दे,
मेरी किस्मत का सितारा आप के चरणों में है,
श्याम ये जीवन की धारा....

मैं भला चिंता करू क्यों है भरोसा आप पर,
मेरा ये दुःख दर्द सारा आप के चरणों में है,
श्याम ये जीवन की धारा....

ठोकरे मारो इसे या मान से ऊचा करो,
श्याम ये मस्तक हमारा आप के चरणों में है,
श्याम ये जीवन की धारा....

ये जहा खुद है भिखारी इसके दर से क्या मिले,
सारे सुख सम्पदा का द्वारा आप के चरणों में है,
श्याम ये जीवन की धारा....

छोड़ कर तुम को कन्हैया मैं बला जाऊ कहा,
अब गहजेसिंह तो वेचारा आप के चरणों में है,
श्याम ये जीवन की धारा....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/4824/title/shyam-ye-jeewan-ki-dhara-aapke-charno-me-hai-deen-dukhiyo-ka-sahara-aap-ke-charno-me-hi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |